आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 20.01.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू होने के एक वर्ष के भीतर साढ़े चार लाख से अधिक विवाहों का ऑनलाइन पंजीकरण किया गया।
- अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक विकास दर का अनुमान बढ़ाकर सात दशमलव तीन प्रतिशत किया।
- डेढ़ महीने बाद देहरादून की वायु गुणवत्ता में सुधार, एक्यूआई सुरक्षित श्रेणी में दर्ज।
- पिथौरागढ़ में नगर निगम ने ट्रंचिंग ग्राउंड में कूड़ा निस्तारण केंद्र के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

यूसीसी

उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू होने के एक साल के भीतर चार लाख 74 हजार से अधिक विवाहों का ऑनलाइन पंजीकरण किया गया है। इसी अवधि में 68 लोगों ने लिव–इन रिलेशनशिप का प्रमाणपत्र भी प्राप्त किया है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार यूसीसी लागू होने के बाद विवाह पंजीकरण की प्रक्रिया आसान और पारदर्शी हुई है। अब पति–पत्नी ऑनलाइन माध्यम से कहीं से भी विवाह पंजीकरण करा सकते हैं, जबकि पहले उन्हें दो गवाहों के साथ निर्धारित तिथि पर सब रजिस्ट्रार कार्यालय में उपस्थित होना पड़ता था। यूसीसी से पहले 'उत्तराखंड विवाहों का अनिवार्य रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 2010' के तहत पूरी प्रक्रिया ऑफलाइन थी।

यूसीसी लागू होने के बाद राज्य में प्रतिदिन औसतन करीब एक हजार चार सौ विवाह पंजीकरण हो रहे हैं, जबकि पहले यह संख्या काफी कम थी। दंपत्ति और उनके गवाह ऑनलाइन रिकॉर्ड और वीडियो बयान के जरिए आवेदन कर रहे हैं। निर्धारित समय सीमा 15 दिन होने के बावजूद औसतन पांच दिन के भीतर प्रमाणपत्र जारी किया जा रहा है।

आईएमएफ अनुमान

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष–आईएमएफ ने वर्ष 2025 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान शून्य दशमलव सात अंक बढ़ाकर सात दशमलव तीन प्रतिशत कर दिया है। एक रिपोर्ट–

एक्यूआई / मौसम / बारिश–बर्फबारी

डेढ़ महीने के बाद राजधानी देहरादून की वायु गुणवत्ता में सुधार दर्ज किया गया है। रविवार को लंबे समय बाद कल शहर की हवा सुरक्षित श्रेणी में रही। कल भी शहर का ए.क्यू.आई 100 से नीचे दर्ज किया गया। आठ दिसंबर के बाद से लगातार 46 दिनों तक शहर की हवा खराब स्थिति में रही। इस दौरान कई बार एक्यूआइ 200 से ऊपर और कुछ दिनों में 300 के पार भी दर्ज किया गया।

इधर, प्रदेश में मौसम के करवट लेने की संभावना है और एक लंबे समय बाद राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश और बर्फबारी हो सकती है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 जनवरी को राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश और पर्वतीय क्षेत्रों में हिमपात संभावना है। उत्तरकाशी, चमोली, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ में मध्यम, जबकि राज्य के अन्य दो हजार पांच सौ मीटर और इससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी का अनुमान जताया गया है।

चयन

उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत राजकीय मेडिकल कॉलेजों में फार्मासिस्ट (भेषज) के रिक्त पदों पर 64 अभ्यर्थियों का चयन किया है। वहीं 8 पदों पर चयन परिणाम उच्च न्यायालय के आदेश के चलते रोक दिया गया है।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि उच्च न्यायालय में लंबित याचिका के कारण 8 पदों का परिणाम रोका गया है, जबकि अनुसूचित जाति श्रेणी में उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी या उनके आश्रितों के लिए आरक्षित एक पद पर पात्र अभ्यर्थी नहीं मिला।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि चयनित फार्मासिस्टों को जल्द ही प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में तैनाती दी जाएगी, जिसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि फार्मासिस्टों की तैनाती से मेडिकल कॉलेजों में दवा प्रबंधन और वितरण व्यवस्था में सुधार होगा और मरीजों को दवाएं आसानी से उपलब्ध हो सकेंगी।

निरीक्षण

चम्पावत जिले के लोहाघाट क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा विभाग ने जनरल स्टोर और रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया गया। मीना बाजार, पिथौरागढ़ रोड और खेतीखान रोड क्षेत्र में संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थों के रखरखाव, गुणवत्ता और स्वच्छता व्यवस्था की जांच की गई।

निरीक्षण के दौरान एक खाद्य कारोबारकर्ता द्वारा एफएसएसएआई लाइसेंस का नवीनीकरण न कराए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान को नोटिस जारी किया गया। इसके साथ ही चाय, दलिया, मसाले और केचप सहित कुल पांच खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य कारोबारकर्ताओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे खाद्य पदार्थों का उचित भंडारण करें और स्वच्छता मानकों का पालन करते हुए ही खाद्य सामग्री का विक्रय करें, ताकि आम लोगों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके।

<u>कूड़ा निस्तारण</u>

पिथौरागढ़ में नगर निगम की ओर से कूड़ा निस्तारण के लिए ठोस व्यवस्था की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। नगर निगम महापौर कल्पना देवलाल, नगर आयुक्त डॉ. दीपक सैनी और पार्षदों ने पिथौरागढ़–नैनीपातल स्थित ट्रंचिंग ग्राउंड में कूड़ा निस्तारण केंद्र की स्थापना के लिए निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर शुभारंभ किया।

मेयर कल्पना देवलाल ने कहा कि यह योजना पिथौरागढ़ और नैनीपातल क्षेत्र को कचरामुक्त और स्वच्छ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कूड़ा निस्तारण केंद्र में कचरे को वैज्ञानिक तरीके से अलग कर उसका उचित प्रबंधन किया जाएगा, जिससे गंदगी और बीमारियों से राहत मिलेगी। साथ ही क्षेत्र में मौजूद पुराने कचरे को समाप्त कर इलाके को साफ बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

<u>शहादत</u>

उत्तराखंड के दो वीर जवान देश की रक्षा करते हुए अलग–अलग घटनाओं में शहीद हो गए। एक जवान जम्मू–कश्मीर में आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान, जबकि दूसरा जवान अरुणाचल प्रदेश में ड्यूटी के दौरान शहीद हुआ।

जम्मू–कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के सिंहपोरा क्षेत्र में आतंकवादियों से मुठभेड़ के दौरान बागेश्वर जिले के कपकोट क्षेत्र के वीथी–गैनाड़ गांव निवासी हवलदार गजेंद्र सिंह गढ़िया वीरगति को प्राप्त हुए। वह भारतीय सेना की टू पैरा कमांडो यूनिट में तैनात थे। आज उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचेगा, जहां सैन्य सम्मान के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी जाएगी।

वहीं, अरुणाचल प्रदेश में मां भारती की सेवा करते हुए रुद्रप्रयाग निवासी हवलदार रविन्द्र सिंह शहीद हो गए। वह 15 गढ़वाल राइफल्स में तैनात थे।

मुख्यमंत्री ने दोनों जवानों के शहीद होने पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सैन्यभूमि उत्तराखंड के इन वीर सपूतों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।

<u>राहत</u>

टिहरी बांध प्रभावित प्रतापनगर क्षेत्र के लोगों के लिए राहत की खबर है। टिपरी–मदननेगी रोपवे सेवा आज से अगले 20 दिनों के लिए फिर से शुरू की जाएगी। अनुबंध समाप्त होने के कारण यह सेवा पहली जनवरी से बंद थी, जिससे क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

टिहरी झील के कारण प्रतापनगर की रैका, धारमंडल और मंदार क्षेत्र के गांवों के लिए यह रोपवे आवागमन का मुख्य साधन है। रोपवे सेवा बंद होने से लोगों को 40 से 50 किलोमीटर तक अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही थी। मामले को लेकर प्रतापनगर विधायक विक्रम नेगी ने जिलाधिकारी टिहरी को पत्र भेजकर स्थिति से अवगत कराया था। इस पर जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने संचालक कंपनी को अगले 20 दिनों तक रोपवे सेवा संचालित करने के निर्देश दिए हैं।

**एक नजर आज के** समाचार पत्रों की सुर्खियों **पर**

भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के नामांकन की खबरें को सभी समाचार पत्रों की सुर्खियों में है– हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– नितिन नबीन के अध्यक्ष बनने की औपचारिकताएं पूरी, आज होगा नए अध्यक्ष का ऐलान। इसी खबर पर दैनिक जागरण लिखता है– नितिन नबीन भाजपा के निर्विरोध अध्यक्ष, आज संभालेंगे पदभार।

उत्तराखंड में आने वाले वाहनों की ई–निगरानी शुरू, कटे ई–चालान– अमर उजाला इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता है– परिवहन विभाग ने शुरू की ईडिटेक्शन प्रणाली, वाहनों के दस्तावेज ना होने पर कट रहा चालान।

और, इस वर्ष करूड़ गांव से निकलेगी मां नंदा देवी की बड़ी जात– हिन्दुस्तान समाचार पत्र इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता है– नंदा देवी राजजात को स्थगित करने की घोषणा के एक दिन बाद नंदानगर में महापंचायत ने लिया बड़ा फैसला।